भारत सरकार
रक्षा मंत्रालय
सैन्य कार्य विभाग
राज्य सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 22
19 जुलाई, 2021 को उत्तर के लिए

सेना के अधिकारियों की भुगतान संबंधी शिकायतें

22. श्री मल्लिकार्जुन खरगे:

क्या रक्षा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) विगत पांच वर्षों में सेवारत सेना अधिकारियों द्वारा वेतन के भुगतान के संबंध में कितनी शिकायतें की गई हैं;

(ख) विगत पांच वर्षों में सेवानिवृत्त सेना अधिकारियों द्वारा पेंशन के भुगतान के संबंध में कितनी शिकायतें की गई है;

(ग) इनमें से कितनी शिकायतों की सुनवाई हुई है, कितनों का समाधान किया गया और कितनी शिकायतें अभी भी लंबित हैं; और

(घ) सरकार द्वारा विगत पांच वर्षों में वेतनों और पेंशनों के भुगतान पर खर्च की गई राशि में, मुद्रास्फीति से संबंधित समायोजन करने के बाद, कितना परिवर्तन आया है?

उत्तर
रक्षा मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री अजय भट्ट)

(क) से (ग): विगत पांच वर्षों में सेवारत और सेवानिवृत्त सेना अधिकारियों द्वारा क्रमश: वेतन और पेंशनों के भुगतान से संबंधित शिकायतों का ब्यौरा निम्नानुसार है:

क्र. सं.	विषय	प्राप्त शिकायतें	निस्तारित की गईं शिकायतें	लंबित
1	वेतन संबंधी	5161	4935	226
2	पेंशन संबंधी	53991	52360	1631

(घ): सरकार द्वारा विगत पांच वर्षों (अर्थात 2016-2021) में वेतन और पेंशन के भुगतान पर खर्च की गई राशि का ब्यौरा निम्नानुसार है:

क्र. सं.	वित्त वर्ष	रक्षा पेंशन (रू. करोड़ में)	रक्षा वेतन (रू. करोड़ में)
1	2020-21	128065.86	145884.71
2	2019-20	117810.24	147972.52
3	2018-19	101774.61	141851.38
4	2017-18	91999.58	134680.60
5	2016-17	87825.80	116891.30

*****